बिहार सरकार
ग्रामीण कार्य विभाग

प्रपत्र–ङ
नियम–4(2) देखें
अन्य प्राधिकार से संबंधित आवेदन का स्थानांतरण

पत्रांकः–15 / अ0प्र0–आर0टी0आई0–16 / 2020 पटना, दिनांक

प्रेषक,

कुमार अनिल सिन्हा
संयुक्त सचिव,
ग्रामीण कार्य विभाग, बिहार, पटना।

सेवा में,

निबंधित / ई–मेल महानिदेशक,
बिहार लोक प्रशासन एवं ग्रामीण विकास संस्थान (बिपार्ड),
बिहार, पटना।

विषयः– सूचना का अधिकार अधिनियम 2005 के तहत् दिनांक 08.02.2025 को एक दिवसीय कार्यशाला आयोजित करने के संबंध में। ।

प्रसंगः– वाद संख्या सी–1777 / 23 श्री विष्णुदेव भंडारी बनाम प्रथम अपीलीय प्राधिकार, ग्रामीण कार्य विभाग, बिहार, पटना / लोक सूचना पदाधिकारी, ग्रामीण कार्य विभाग, बिहार पटना में माननीय राज्य सूचना आयुक्त द्वारा दिनांक 09.12.2024 को पारित आदेश ज्ञापांक –सी 3 178 दिनांक 12.12.2024

महाशय,

उपर्युक्त विषय के संबध में निदेशानुसार सूचित करना है कि माननीय राज्य सूचना आयुक्त द्वारा विभिन्न द्वितीय अपील वाद में पारित आदेश के आलोक मे ग्रामीण कार्य विभाग (मुख्यालय) संलग्न मुख्य अभियंता का कार्यालय एवं सभी क्षेत्रीय कार्यालयों यथा कार्य अंचल / कार्य प्रमंडल, जांच एवं गुणवत्ता नियंत्रण अंचल, जांच एवं गुणवत्ता नियंत्रण प्रमंडल अंतर्गत लोक सूचना प्रकोष्ट को सुदृढ़ करने सभी लोक सूचना पदाधिकारी एवं प्रथम अपीलीय प्राधिकार को सूचना का अधिकार अधिनियम 2005 के प्रावधानों से अवगत कराने एतद विषयक सामान्य प्रशासन विभाग द्वारा समय–समय पर निर्गत परिपत्रो राज्य सूचना आयोग / केन्द्रीय सूचना आयोग द्वारा पारित Landmark Decision से अवगत कराने एवं उन्मुखीकरण हेतु एक दिवसीय –सह–कार्यशाला का आयोजन किया जाना है।

अतः अनुरोध है कि ग्रामीण कार्य विभाग, बिहार अंतर्गत मुख्यालय संलग्न मुख्य अभियंता का कार्यलय एवं सभी क्षेत्रीय कार्यालयों यथा कार्य अंचल / कार्य प्रमंडल, जांच एवं गुणवत्ता नियंत्रण अंचल, जांच एवं गुणवत्ता नियंत्रण प्रमंडल पदस्थापित सभी नामित लोक सूचना पदाधिकारी / प्रथम अपीलीय प्राधिकार एवं सहायक लोक सूचना पदाधिकारियों (सूची संलग्न) हेतु बिपार्ड, पटना में दिनांक **08.02.2025** (शनिवार) को एक दिवसीय प्रशिक्षण–सह–कार्यशाला का आयोजन कराने की कृपा जाय।

अनुलग्नक–यथोक्त।

विश्वासभाजन

29/1/25

संयुक्त सचिव

ज्ञापांकः–15 / अ0प्र0–आर0टी0आई0–16 / 2020 1107 पटना, दिनांक 29.1.25

प्रतिलिपि :– सभी मुख्य अभियंता / सभी अधीक्षण अभियंता / सभी कार्यपालक अभियंता / प्रशासनिक पदाधिकारी, ब्राडा / सभी नोडल पदाधिकारी / सभी प्रशाखा पदाधिकरी, ग्रामीण कार्य विभाग, बिहार, पटना को सूचनार्थ प्रेषित।

29/1/25

संयुक्त सचिव

P.T.O

ज्ञापांकः–15 / अ0प्र0–आर0टी0आई0–16 / 2020 1107 पटना, दिनांक 29.1.25

प्रतिलिपिः– आई0टी0मैनेजर, ग्रामीण कार्य विभाग, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित। उन्हें निदेश दिया जाता है कि अविलम्ब पदाधिकारीयों के ई–मेल पते पर सूचना भेज दी जाय।

संयुक्त सचिव